# किडनैपिंग कांड का चंद घंटों में खुलासा

- 15 लाख फिरौती मांगने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार
- चारों आरोपी तीन दिन के पुलिस रिमांड पर
- 11-11 साल के दोनों बच्चे फ्लैट से सकुशल किए बरामद
- पुलिस की 10 टीमों ने घेराबंदी कर चारों आरोपियों को पकड़ा



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** पलासिया क्षेत्र से अगवा किए गए दो मासूम बच्चों के अपहरण और 15 लाख की फिरौती मांगने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने चंद घंटों में पर्दाफाश कर दिया. पुलिस ने पलासिया क्षेत्र से 11-11 साल के दोनों अपहर्त बच्चों को दत्त नगर स्थित फ्लैट से सकुशल बरामद कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने चारों आरोपियों को तीन दिन के रिमांड पर लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है.

घटना 23 अप्रैल की रात करीब 8:45 बजे की है. गीता नगर और खटीक मोहल्ला निवासी दो बच्चे तिरुपति गार्डन खेलने गए थे, लेकिन घर नहीं लौटे. परिजनों की सूचना पर पलासिया पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल जांच शुरू की. सीसीटीवी फुटेज में एक महिला बच्चों को बहला फुसलाकर ले जाते दिखी. इसी दौरान परिजनों को कॉल कर आरोपियों ने 15 लाख रुपए की फिरौती मांगी और रात 11 बजे तक रकम नहीं देने पर हत्या की धमकी दी. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर डीसीपी जोन 3 राजेश व्यास की अगुवाई में 10 टीमें गठित की गईं. टीमों ने शहरभर में होटल, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और संभावित ठिकानों पर सर्चिंग शुरू की, साथ ही तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए. तकनीकी लोकेशन के आधार पर पुलिस टीम दत्त नगर के शिवांश अपार्टमेंट पहुंची. तीसरी मंजिल के एक फ्लैट में संदिग्ध गतिविधि मिलने पर घेराबंदी की गई. दरवाजा खुलते ही आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चारों को दबोच लिया. फ्लैट के अंदर से दोनों बच्चे सकुशल मिल गए. गिरफ्तार आरोपियों में 19 वर्षीय राधिका प्रजापति, 20 वर्षीय तनिशा सेन, 21 वर्षीय ललित सेन और 22 वर्षीय विनीत प्रजापति शामिल हैं. आरोपियों से वारदात में इस्तेमाल मोबाइल फोन भी जब्त कर लिए गए हैं.

### चिप्स, टॉफी का दिया लालच

पूछताछ में आरोपियों ने बच्चों को चिप्स, टॉफी और मोबाइल में जानवरों की तस्वीरें दिखाकर बहलाने और फिरौती वसूलने की साजिश कबूली है. बरामदगी के बाद बच्चों को एमवाय अस्पताल ले जाकर मेडिकल कराया गया और फिर परिजनों को सौंप दिया. बच्चों को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया. पुलिस का कहना है कि समय पर कार्रवाई और तकनीकी ट्रैकिंग से गंभीर वारदात को टाल दिया. मामले में आगे की पूछताछ जारी है और आरोपियों से अन्य कड़ियां भी खंगाली जा रही हैं.

### अपराध करने की सोचेंगे तो भी बख्शे नहीं जाएंगे : पुलिस कमिश्नर

बच्चा अपहरण कांड के बाद पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि शहर में किसी भी प्रकार का अपराध बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार के अपराध में जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्रवाई होगी और अपराध करने की सोच रखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा. कमिश्नर ने बताया कि घटना के बाद तुरंत 25 अधिकारियों की 10 टीमें गठित कर शहरभर में घेराबंदी की गई, जिसके चलते चंद घंटों में ही 15 लाख रुपए की फिरौती मांगने वाले चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया.

# खुलासा : शराब के विवाद में सिर कुचलकर की थी हत्या

- मोटरसाइकिल से ले जाकर सुनसान गार्डन में उतारा था मौत के घाट
- लसूड़िया थाना क्षेत्र का मामला : सात दिन बाद आरोपी गिरफ्तार

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** लसूड़िया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्कीम नंबर 136 स्थित हरसिंगार परिसर के पास मिले अज्ञात शव (अंधे कत्ल) मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया. पुलिस के अनुसार शराब के विवाद के बाद आरोपी ने उसे घर छोड़ने के बहाने मोटरसाइकिल पर बैठाकर सुनसान जगह ले गया और मारपीट की तथा सिर पर पत्थर से कई बार कर हत्या कर दी थी. पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है.

मामला 17 अप्रैल की सुबह सामने आया था, जब मॉर्निंग वॉक पर निकले व्यक्ति ने गार्डन के पास एक व्यक्ति को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा. सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू की. बाद में मृतक की पहचान कड़वा उर्फ कड़वा जी दांगोड़े उम्र 51 साल निवासी लहिया कॉलोनी के रूप में हुई थी. जांच में पता चला कि मृतक एमआर-10 क्षेत्र में मजदूरी करता था और घटना वाली रात उसे शराब दुकान के पास देखा गया था. पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले, जिसमें एक युवक उसे मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले जाता नजर आया.



### पुलिस को देख भागने के प्रयास में बाइक स्लिप हो गई आरोपी की

हुलिए के आधार पर पुलिस ने 25 वर्षीय संदिग्ध प्रमोद वैद्य निवासी लहिया कॉलोनी को चिन्हित किया. तलाश के दौरान आरोपी निरंजनपुर मंडी की ओर जाता मिला, जिसने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन बाइक फिसलने से गिर गया और पकड़ में आ गया. पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शराब पीने को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था. इसी का बदला लेने के लिए उसने मृतक को घर छोड़ने के बहाने बाइक पर बैठाया और हरसिंगार परिसर के पास सुनसान गार्डन में ले जाकर पहले मारपीट की, फिर पत्थर ब्लॉक से सिर पर कई वार कर हत्या कर दी. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त कर ली है. मामले में आगे की पूछताछ के लिए आरोपी का रिमांड लिया जाएगा.

# एमजी रोड पर बेसुध हालत में मिली महिला की मौत

## घरेलू विवाद में पति पर प्रताड़ना के आरोप, जांच शुरू

**इंदौर. एमजी रोड क्षेत्र स्थित कृष्णपुरा छत्री के पास गुरुवार को बेसुध हालत में मिली महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई. मामले में परिजनों ने पति पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए हैं. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है.**

पलासिया थाना क्षेत्र में रहने वाली सीमा उर्फ नीता प्रजापत गुरुवार को अपने घर से लापता हो गई थी. कुछ समय बाद वह कृष्णपुरा छत्री के पास अचेत अवस्था में मिली थी, परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे दूसरे अस्पताल रेफर कर दिया था, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. परिजनों ने पुलिस को बताया कि सीमा का भाई अमन उसे अस्पताल लेकर गया था. शुक्रवार को मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि महिला घरेलू विवाद से परेशान थी और पति द्वारा लगातार मारपीट व प्रताड़ना की जा रही थी. इसी कारण वह घर से निकल गई थी. परिजनों का कहना है कि मृतका के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए हैं, जिससे मामले को संदिग्ध माना जा रहा है. मृतका के पति शक्ति प्रजापत हलवाई का काम करता है. दंपति के एक बेटा और एक बेटी हैं. पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा लिया है और मामले की जांच विभिन्न पहलुओं पर की जा रही है.



# लसूड़िया पुलिस पर 10 हजार का जुर्माना, बॉडी वॉर्न कैमरे अनिवार्य

- मारपीट और वसूली केस में हाईकोर्ट सख्त
- जुर्माने की राशि याचिकाकर्ता को देने के आदेश

**इंदौर.** मारपीट और वसूली के आरोपों से जुड़े एक मामले में हाईकोर्ट ने लसूड़िया पुलिस पर 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है. कोर्ट ने यह राशि याचिकाकर्ता को देने के निर्देश दिए हैं और पुलिसकर्मियों को ड्यूटी के दौरान बॉडी वॉर्न कैमरे साथ रखने के आदेश भी दिए हैं.

मामला एक रेस्टोरेंट विवाद के बाद कार्रवाई से जुड़ा है, जिसमें पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर मारपीट और रिश्वत लेने के आरोप लगाए गए थे. याचिका में यह भी कहा गया कि घटना से जुड़े मोबाइल रिकॉर्डिंग को डिलीट कर दिया गया. सुनवाई के बाद कोर्ट ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सख्त टिप्पणी करते हुए पांच प्रमुख थानों में बॉडी वॉर्न कैमरों का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. फिलहाल ऐसे कैमरों का इस्तेमाल मुख्य रूप से यातायात में किया जा रहा है. गौरतलब है कि इससे पहले भी संबंधित थाने के एक अन्य मामले में कार्रवाई हो चुकी है, जिसमें वारंट तामील के दौरान कथित गड़बड़ी को लेकर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई थी.

## एक नजर में

### वर्षा बनीं मीणा समाज महिला संगठन की प्रदेश महामंत्री



**इंदौर.** युवा समाजसेविका वर्षा मीणा पालदा को मप्र मीणा समाज महिला संगठन की प्रदेश महामंत्री मनोनीत किया गया है. यह मनोनयन महिला संगठन की प्रदेशाध्यक्ष रेखा मीणा ने मप्र मीणा समाज सेवा संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रामनिवास रावत की सहमति एवं प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण मीणा की अनुशंसा पर किया है. इस मनोनयन पर इंदौर जिलाध्यक्ष सुभाष मीणा, महिला संगठन जिलाध्यक्ष ज्योति मीणा, रमेशचंद्र धनावत, युवा संगठन प्रदेश महामंत्री संतोष मीणा, मीडिया प्रभारी अजय बारवाल, कोमलसिंह मीणा, सुनील मीणा, सोनू मीणा टीएसपी, महिला संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष वर्षा निलेश मीणा, महामंत्री दीपा प्रकाश मीणा, सुलोचना मीणा, कमला मीणा, संध्या मीणा, ऋतु मीणा आदि ने बधाई दी है.

### महू में गोवंश के अवशेष मिलने से हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

**महू.** नगर के क्रिश्चियन कब्रिस्तान के सामने उस वक्त हड़कंप मच गया, जब क्षेत्र में गोवंश के अवशेष मिलने की सूचना सामने आई. घटना की खबर फैलते ही मौके पर पुलिस पहुंची, वहीं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के साथ बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ भी एकत्रित हो गई. स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल अवशेषों को कब्जे में लिया. बाद में धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार गोवंश के अवशेषों का अंतिम संस्कार किया गया. घटना को लेकर क्षेत्र में आक्रोश है, वहीं इस पूरे मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाएगी. फिलहाल, पुलिस क्षेत्र में सतर्कता बनाए हुए है. पुलिस ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है.

### मानवता को जीवित रख रक्त के लिए वक्त दें



**महू.** आगामी 26 अप्रैल को रेडक्रास हॉस्पिटल में सुबह 10 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है. नगर की सामाजिक संस्थाओं सामाजिक विचार मंच, रोटरी क्लब, सेवा धरा फाउंडेशन, रोटरी क्लब ऑफ महू कैंट, अशोक मोबाइल गैलरी, अभा मारवाड़ी महिला सम्मेलन, वामा क्लब, सेवा भारती, पत्रकार संघ और महिला संघ महू द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस शिविर में मातृ शक्ति और युवा शक्ति से विशेष निवेदन किया जा रहा है. संस्थाओं की ओर से जानकारी देते हुए मनीष श्रीवास्तव और अरुण कुमार ने बताया कि रक्तदान का यह लगातार 12वां शिविर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नगर में सभी को रक्तदान के लिए प्रेरित करना है, विशेषकर युवा शक्ति को इस महा अभियान से जोड़ना चाहते है. इससे युवाओं में अभी से ही रक्तदान करने की भावना समाहित हो. फिर जीवन भर उनका यह सिलसिला चलता रहे और समाज में रक्तदान की कमी पूर्ण हो.

### शराब के नशे में पिता पर किया हमला

**इंदौर.** मल्हारगंज थाना क्षेत्र में एक युवक ने शराब के नशे में अपने ही पिता पर नुकीले हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया. घटना के बाद आरोपी पिता को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया. घटना कुम्हार मोहल्ला की है, जहां युवक आए दिन नशे में घर आकर विवाद करता था. इसी दौरान वह नशे की हालत में घर पहुंचा और पिता से गाली गलौज करने लगा. समझाने पर वह और उग्र हो गया और घर में रखे नुकीले हथियार से हमला कर दिया, हमले में पिता घायल हो गए. घटना के बाद आरोपी मौके से भाग निकला. पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.

# बाइक और बुलेट की भिड़ंत में दो गंभीर घायल

- चौराहे पर यू-टर्न के दौरान हुआ हादसा
- घायलों को रिक्शा से अस्पताल पहुंचाया

**इंदौर.** जेल रोड स्थित डीआरपी लाइन चौराहे पर देर रात एक बाइक और बुलेट की जोरदार टक्कर में दोनों सवार गंभीर रूप से घायल हो गए. दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है और अस्पताल में इलाज जारी है. हादसा रात करीब 12 बजे हुआ, जब बाइक सवार चौराहे पर यू-टर्न ले रहा था. इसी दौरान जेल की ओर से आ रहे तेज रफ्तार बुलेट सवार ने उसे टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सवार सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए और बेहोश हो गए. मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत मदद कर दोनों घायलों को उठाया और एंबुलेंस का इंतजार किए बिना रिक्शा से अस्पताल पहुंचाया. दोनों की पहचान फिलहाल नहीं हो सकी है. इसी दौरान राजकुमार ब्रिज रोड पर एक अन्य हादसे में रिक्शा पलट गया. रिक्शा में चालक समेत तीन लोग सवार थे, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था. गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई. पुलिस ने क्षतिग्रस्त रिक्शा को जब्त कर लिया है. दोनों मामलों में जांच की जा रही है.

# हीरानगर में चाकू से धमकाकर इंजीनियर से लूट की कोशिश

- एक्टिवा छोड़कर भागा युवक, बदमाश एक्टिवा लेकर फरार
- कारसदेव नगर क्षेत्र में हुई यह वारदात सीसीटीवी में कैद

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. हीरानगर थाना क्षेत्र में एक इंजीनियर से लूट की कोशिश का मामला सामने आया है. बदमाशों ने चाकू दिखाकर उसे धमकाया, लेकिन युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए एक्टिवा छोड़कर मौके से भागकर अपनी जान बचाई. पूरी वारदात आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है.**



घटना कारसदेव नगर क्षेत्र की है, जहां रहने वाले शिवम चतुर्वेदी एक दवा कंपनी में इंजीनियर हैं. गुरुवार सुबह करीब 6 बजे वे पोलोग्राउंड की ओर जा रहे थे, तभी रास्ते में खड़े कुछ बदमाशों ने उन्हें रुकने का इशारा किया. जैसे ही शिवम रुके, बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने चाकू निकाल लिया. खतरा भांपते ही शिवम एक्टिवा वहीं छोड़कर सड़क पर दौड़ पड़ा और किसी तरह गली के रास्ते अपने घर पहुंचकर जान बचाई. इस दौरान बदमाश उनकी एक्टिवा लेकर फरार हो गए. कुछ देर बाद आरोपी दोबारा बाइक लेकर मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक पीड़ित वहां से निकल चुका था. परिजनों के अनुसार शिवम की किसी से कोई रंजिश नहीं है. वारदात के समय उनके पास मोबाइल फोन और गले में सोने की चेन भी थी, जिसे लूटने का प्रयास किया गया. सीसीटीवी फुटेज में पूरी घटना स्पष्ट रूप से रिकॉर्ड हुई है. देर रात पीड़ित ने पुलिस को जानकारी दी, जिसके बाद हीरानगर पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है.

# क्रिप्टो करेंसी के नाम पर लूट और धमकी का आरोप

- खुद को पुलिसकर्मी बताकर युवक से की वसूली
- जांच के दौरान थाने के सीसीटीवी फुटेज किए जब्त
- शिकायत पर डीसीपी तक पहुंचा मामला

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. एरोड्रम थाना क्षेत्र में क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज के नाम पर एक युवक से डरा धमकाकर रुपए वसूली का मामला सामने आया है. आरोप है कि खुद को पुलिसकर्मी बताने वाले कुछ लोगों ने युवक को धमकाकर पैसे लिए और गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी. मामले की शिकायत डीसीपी स्तर तक पहुंचने के बाद जांच तेज कर दी गई है.**

जानकारी के अनुसार, घटना विद्याधाम मंदिर के पास बुधवार की बताई जा रही है. कृष्णा नाम के युवक को कुछ लोगों ने क्रिप्टो करेंसी एक्सचेंज के नाम पर बुलाया था. यहां उसे रोककर आरोपियों ने खुद को पुलिसकर्मी बताया और दबाव बनाकर उससे रुपए वसूल लिए. साथ ही उसे मामले को आगे न बढ़ाने की धमकी भी दी गई. घटना के बाद पीड़ित युवक एरोड्रम थाने पहुंचा, लेकिन आरोप है कि वहां उसकी शिकायत सुने बिना उसे लौटा दिया. इसके बाद गुरुवार को युवक अपने परिचित के साथ डीसीपी कार्यालय पहुंचा और पूरे मामले की जानकारी दी.

### आरोपियों में से कुछ के पुलिस से भी हैं संबंध

सूत्रों के अनुसार शिकायत के बाद वरिष्ठ अधिकारी रात में एरोड्रम थाने पहुंचे और मौके से संबंधित करीब दो घंटे के सीसीटीवी फुटेज की जांच की. बताया जा रहा है कि फुटेज को लैपटॉप में सुरक्षित कर आगे की जांच के लिए साथ ले जाया गया है. प्रारंभिक जानकारी में यह भी सामने आया है कि वसूली में शामिल संदिग्ध युवक एरोड्रम क्षेत्र के ही बताए जा रहे हैं और कुछ का पुलिस से संबंध होने की भी आशंका जताई जा रही है. हालांकि, इस पूरे मामले में अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है. पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे नेटवर्क की जांच कर रही है.

# ई-रिक्शा पलटा, 4 बच्चों समेत 9 घायल, एक की हालत नाजुक

- शादी से लौट रहा परिवार हुआ हादसे का शिकार
- स्पीड ब्रेकर पर संतुलन बिगड़ने से पलट गया रिक्शा

**इंदौर.** सेंट्रल जेल के पास देर रात ई रिक्शा पलटने से 4 बच्चों सहित 9 लोग घायल हो गए. हादसे में एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है, जबकि अन्य का अस्पताल में इलाज चल रहा है.

जानकारी के अनुसार, एक ही परिवार के लोग शादी समारोह से लौट रहे थे और सभी एक ई रिक्शा में सवार थे. सेंट्रल जेल के पास तेज रफ्तार में स्पीड ब्रेकर आने पर वाहन का संतुलन बिगड़ गया और रिक्शा पलट गया. हादसे में सभी सवार सड़क पर गिरकर घायल हो गए, जिनमें छोटे बच्चे भी शामिल हैं. चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया. गंभीर रूप से घायल युवक के सिर में चोट आई है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है.

# पति की प्रताड़ना से तंग विवाहिता ने जहर पिया

**इंदौर.** पति की प्रताड़ना से परेशान एक विवाहिता ने जहरीली दवा पीकर आत्महत्या का प्रयास किया. महिला को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मामला गांधी नगर थाना क्षेत्र का है.

शिकायत के अनुसार, शादी के कुछ समय बाद से पति शराब का आदी हो गया और आए दिन मारपीट व गाली गलौज करने लगा. पिछले कुछ दिनों से प्रताड़ना और बढ़ गई थी. इसी से तंग आकर महिला ने घर में रखी जहरीली दवा का सेवन कर लिया. घटना के बाद महिला की हालत बिगड़ने पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज जारी है. पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

## एक नजर में — बिना किसी रोक-टोक के हर साल फीस बढ़ा रहे सरकारी स्कूल

# महंगाई और निजी स्कूलों की बढ़ती फीस के कारण पालकों में असंतोष

- निजी स्कूलों की मनमानी और सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति को लेकर बढ़ गई हैं पालकों की मुश्किलें



**इंदौर.** दिनोंदिन बढ़ रही महंगाई और निजी स्कूलों की बढ़ती फीस के कारण पालकों (अभिभावकों) की मुश्किलें बढ़ गई हैं. शिक्षा का खर्च आय की तुलना में तेजी से बढ़ रहा है. निजी स्कूलों की मनमानी और सरकारी स्कूलों की स्थिति को लेकर पालकों में असंतोष है.

शहर में निजी स्कूल बिना किसी रोक-टोक के हर साल फीस बढ़ा रहे हैं. कई स्कूल मनमाने ढंग से अतिरिक्त विकास शुल्क और अन्य गतिविधियों के नाम पर भारी राशि वसूल रहे हैं. वहीं, कई स्कूल किताबों, स्टेशनरी और यूनिफॉर्म विशेष दुकान से खरीदने के लिए अभिभावकों को मजबूर कर रहे हैं. सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति और निजी स्कूलों की मनमानी से पालकगणों की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं.

नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही पालकों पर आर्थिक बोझ और बढ़ गया है. पुराने व नए प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के लिए यूनिफॉर्म कॉपी-किताबों और अन्य शैक्षणिक सामग्री की खरीदारी को लेकर बाजारों में भीड़ देखने को मिल रही है, वहीं इस वर्ष भी कीमतों में कोई कमी नहीं आई है. यूनिफॉर्म और कोर्स सामग्री के दाम पिछले साल की तुलना में बढ़ गए हैं. बढ़ती महंगाई के कारण कई परिवारों का बजट पूरी तरह बिगड़ रहा है, जिसका असर बच्चों की पढ़ाई पर भी पड़ रहा है. बीते समय में अभिभावकों ने विरोध में आंदोलन भी किए, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया है. ऐसे में पालकगणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है और वे सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग कर रहे हैं.

### यह बोले अभिभावक...



हर साल फीस, यूनिफॉर्म और किताबों के दाम बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन आमदनी नहीं बढ़ रही. बच्चों की पढ़ाई जारी रखना अब मुश्किल होता जा रहा है, सरकार को इस पर सख्त कदम उठाने चाहिए.

**- अब्दुल गफ्फार खान**



सरकार की उदासीनता का फायदा उठाकर निजी स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं. फीस में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. मध्यम और गरीब वर्ग परिवारों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है, उनके लिए खर्च चलाना दिन-ब-दिन कठिन हो रहा है.

**- राजेश शर्मा**



सरकारी स्कूलों की स्थिति सुधारना बेहद जरूरी हो गया है, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके. पहले बार-बार आंदोलन भी किए गए, बावजूद इसके कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया, जिससे पालकों में नाराजगी बढ़ रही है.

**- नवीन कुमार बेनवाल**